सैंडविच पसंद करने वाला घोड़ा

विवियन एल. थॉम्पसन

चित्र: अलीकी

सैंडविच पसंद करने वाला घोड़ा

विवियन एल. थॉम्पसन

चित्र: अलीकी

MARIO

The Horse That Liked Sandwiches

मारियो एक बड़ा काला घोड़ा था. वह अपने मालिक टोनी के लिए काम करता था और ताजे फलों से भरी गाड़ी खींचता था. वे गांव और शहर की सड़कों पर घूमते थे.

मारियो एक अच्छा घोड़ा था. वह कड़ी मेहनत करता था. वो कभी परेशान नहीं करता था, सिवाय तब जब वो सैंडविच की तलाश में होता. मारियो को सैंडविच बेहद पसंद थे! सैंडविच से उसका मन कभी नहीं भरता था. चिकन सैंडविच, अंडा सैंडविच, पीनट बटर और जैम सैंडविच. उसे वे सभी पसंद थे.

हर दिन दोपहर के खाने में, टोनी सैंडविच खाता था. मारियो के लिए जई (ओट्स) का एक थैला था. मारियो हमेशा टोनी के साथ दोपहर का भोजन करना चाहता था, लेकिन टोनी को जई बहुत पसंद नहीं थे.

सोमवार की सुबह थी. मारियो और टोनी चल पड़े. वे सड़कों पर घूमते रहे, और फिर गांव की ओर चले. दोपहर के भोजन के समय वे रुके. दिन गर्म था. टोनी ने अपना दोपहर का भोजन किया और फिर झपकी ली. मारियो ने अपना दोपहर का भोजन किया और फिर वो टहलने चला गया.

एक बड़े मैदान में, उसने एक महिला और एक छोटे लड़के को देखा.

वे पिकनिक लंच कर रहे थे.

सैंडविच!

छोटे लड़के ने मारियो को एक सैंडविच दिया.

चिकन!

वो अच्छा था. उसने वो खा लिया.

मारियो ने महिला की ओर देखा.

"ओह नहीं!" महिला ने कहा. "मैं तुम्हे अपना सैंडविच नहीं दूँगी!"

महिला का स्वेटर घास पर पड़ा था. उसने सैंडविच को स्वेटर ने अंदर छिपा दिया. मारियो करीब गया. महिला अपना सैंडविच छोड़कर वहां से भाग गई. मारियो को सैंडविच मिल गया.

अंडा सैंडविच! बड़ा स्वादिष्ट था. उसने वो खा लिया. महिला बहुत गुस्सा हुई.

"मैं तुम्हें देखूँगी!" उसने कहा.

मंगलवार आया. मारियो और टोनी चल पड़े.
वे सड़कों पर ऊपर-नीचे गए, और गांव की ओर मुड़े.
दोपहर के भोजन के समय, वे रुके. दिन गर्म था.
टोनी ने अपना दोपहर का भोजन किया और फिर
झपकी ली. मारियो ने अपना दोपहर का भोजन किया
और फिर वो टहलने चला गया. नदी के किनारे,
मारियो ने एक आदमी को मछली पकड़ते देखा.

उसके पास एक टोकरी थी.

सैंडविच?

मारियो ने टोकरी खोली.

उसमें कोई सैंडविच नहीं थी सिर्फ मछलियां थीं!

मारियो ने टोकरी नदी में धकेल दी.

मछुआरा बहुत नाराज़ हुआ.

"मैं तुम्हारी ज़रूर शिकायत करूंगा!" उसने कहा.

बुधवार आया. मारियो और टोनी चल पड़े. वे गांव में गए, वो जंगल में से होकर वापस शहर में आए. दोपहर के भोजन के समय, वे रुके. बहुत गर्मी थी. टोनी ने अपना दोपहर का भोजन किया और फिर झपकी ली. मारियो ने अपना दोपहर का भोजन किया और फिर वो टहलने चला गया.

मारियो ने चारों ओर देखा. कोई पेड़ नहीं, कोई नदी नहीं, आराम करने के लिए कोई ठंडी जगह नहीं थी. मारियो वापस आया और सड़क पर ही लेट गया. एक कार आई. ड्राइवर ने अपना हॉर्न बजाया. मारियो ने अपनी आँखें खोलीं और चारों ओर देखा.

कोई सैंडविच नहीं!

उसने अपनी आँखें बंद कीं और वापस सो गया. टोनी, मारियो को हिला तक नहीं सका. ड्राइवर को पीछे लौटकर दूसरे रास्ते से जाना पड़ा. वह बहुत गुस्से में था.

"मैं पुलिस प्रमुख से तुम्हारी रिपोर्ट करूंगा!" उसने चेतावनी दी.

गुरुवार आया. एक पुलिसकर्मी टोनी के घर आया.

उसने कहा, "टोनी, पुलिस प्रमुख तुमसे मिलना चाहते हैं. मारियो को अपने साथ लेकर चलो."

पुलिस अधिकारी सड़क पर आगे चला. मारियो और टोनी उसके पीछे-पीछे सड़क पर, टाउन हॉल तक गए

पुलिस प्रमुख बाहर खड़ा था.

"यहाँ हैं, प्रमुख," पुलिसकर्मी ने कहा.

"और यह रहा आपका दोपहर का भोजन जिसे आप आज सुबह भूल गए थे," पुलिसकर्मी ने कहा.

"धन्यवाद," पुलिस प्रमुख ने कहा. "भोजन को कहीं रख दो."

पुलिस प्रमुख ने टोनी की ओर देखा. उसने कहा, "मैंने मारियो के बारे में कई शिकायतें सुनी हैं. वो महिला कहती है कि मारियो ने उसका स्वेटर फाड़ दिया. यह आदमी कहता है कि मारियो ने उसकी टोकरी नदी में फेंक दी. यह आदमी कहता है कि मारियो की वजह से उसे मीटिंग में पहुँचने में देरी हुई. बताओ, तुम्हें क्या कहना है?"

टोनी ने कहा, "पुलिस प्रमुख, मारियो एक अच्छा घोड़ा है. वह कड़ी मेहनत करता है. वह कभी किसी को परेशान नहीं करता, सिवाय तब जब वह सैंडविच की तलाश में होता है."

"उसने मेरे लिए बड़ी परेशानी खड़ी की!" गुस्से में महिला ने कहा.

"और मेरे लिए भी!" गुस्से में मछुआरे ने कहा.

"उसे सज़ा मिलनी चाहिए!" गुस्से में ड्राइवर ने कहा.

"लेकिन फिर टोनी का क्या होगा?" पुलिस प्रमुख ने पूछा.

"अगर हम मारियो को जेल भेज देते हैं, तो टोनी अपना काम नहीं कर पाएगा."

टोनी ने कहा, "प्रमुख, मैं इस समस्या का एक बेहतर हल जानता हूँ."

टोनी ने गुस्से वाली महिला की तरफ देखा.

उसने कहा, “ठीक, मारियो ने आपका स्वेटर फाड़ा हैं.

मेरी पत्नी बढ़िया स्वेटर बनाती है.

वह आपके लिए नया स्वेटर बुनेंगी."

"हरे रंग वाला?" महिला ने कहा.

"हां, हरे रंग का," टोनी ने कहा.

"लंबी आस्तीन वाला?" महिला ने कहा.

"हां, लंबी आस्तीन वाला," टोनी ने कहा.

"ठीक है," महिला ने कहा. वह मुस्कुराई.

टोनी ने फिर मछुआरे को देखा.

उसने कहा, "मारियो ने तुम्हारी मछलियां नदी में फेंक दीं.

देखो, मैं तुम्हें ढेरों मछलियों वाली एक जगह बताऊँगा."

"बड़ी मछलियों वाली?" मछुआरे ने कहा.

"हां, बड़ी मछलियों वाली," टोनी ने कहा.

"जगह पास में हो?" मछुआरे ने कहा.

"हां, वो जगह पास में ही है," टोनी ने कहा.

"ठीक है," मछुआरे ने कहा.

वह हँसा.

अंत में टोनी ने गुस्से में ड्राइवर को देखा.

उसने कहा, "मारियो की वजह से आपको मीटिंग में पहुँचने में देरी हुई. हम आपकी क्या मदद कर सकते हैं?"

ड्राइवर ने कहा, "मीटिंग हमारे स्कूल पिकनिक के बारे में थी. हमें बच्चों को पिकनिक पर बाहर ले जाने के लिए एक बस की ज़रूरत थी. क्या आप हमारी कुछ मदद कर सकते हैं?"

टोनी ने कहा, "मैं उससे कुछ बेहतर कर सकता हूँ."

"मारियो और मैं, बच्चों को अपनी गाड़ी में पिकनिक पर ले जाएँगे."

"इस शनिवार?" ड्राइवर ने कहा.

"हां, इस शनिवार को," टोनी ने कहा.

"सुबह?" ड्राइवर ने कहा.

"हां, सुबह," टोनी ने कहा.

"ठीक है," ड्राइवर ने कहा. फिर उसने टोनी से हाथ मिलाया.

पुलिस प्रमुख मुस्कुराया. "मारियो रुको," उसने कहा.

"अभी दोपहर के भोजन का समय है!"

पुलिस प्रमुख ने अपने लंच बॉक्स की तलाश की.

लेकिन वो गायब था.

"मेरा लंच बॉक्स कहाँ है?" उसने दहाड़ते हुए कहा.

उसे मारियो ने खा लिया.

वह अब उसमें से आखिरी सैंडविच खा रहा है.

पीनट बटर और जैम वाला सैंडविच! बहुत बढ़िया!

उसने सारे सैंडविच खा लिए.

पुलिस प्रमुख गुस्से में आ गए - उन्हें बहुत भूख लगी थी.

टोनी ने कहा, "मेरी पत्नी बहुत अच्छे सैंडविच बनाती है, चीफ. मारियो और मैं अभी जाकर आपके लिए कुछ और सैंडविच लाएँगे."

"पीनट बटर और जैम के सैंडविच?" पुलिस प्रमुख ने कहा.

"पीनट बटर और जैम," टोनी ने कहा.

"ब्राउन ब्रेड पर?" पुलिस प्रमुख ने कहा.

"ब्राउन ब्रेड पर," टोनी ने कहा.

"ठीक है," पुलिस प्रमुख ने कहा.

पुलिस प्रमुख फिर से खुश दिख रही थे - लेकिन वो अभी भी काफी भूखे थे.

शनिवार की सुबह आई. मारियो और टोनी निकल पड़े. वे सड़कों पर इधर-उधर घूमते रहे, सभी बच्चों को अपनी गाड़ी में लेकर चलते रहे. गांव की सड़क पर चलते-चलते अंत में वो एक नदी के किनारे पहुंचे.

बच्चे गाड़ी से उतरे और उन्होंने अपने-अपने लंच बॉक्स खोले. हर डिब्बे में, हर टोकरी में, और हर कागज़ की भूरी थैली में - सैंडविच थे!

पहली बार, मारियो के पास

खाने के लिए भरपूर सैंडविच थे.

पीनट बटर ...

सेब का मक्खन...

हैम...

चिकन....

अंडा. . .

और आइसक्रीम सैंडविच!

मारियो ने सब सैंडविच खा लिए!